>

Title: Need to declare the historical Mughal Road between Fatehpur and Akbarpur via Bindki-Khajuha-Jahanabad-Sikandara in Uttar Pradesh as a National Highway.

श्री राकेश सचान (फतेहपुर): मेरे निर्वाचन क्षेत्र फतेहपुर के कुवरपुर (मलवां) से अकबरपुर होते हुये आगरा-दिल्ली को जोड़ने वाली मुगल रोड के महत्व को कम कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 1 में अकबरपुर-सिकन्दरा से कानपुर होते हुये फतेहपुर को जोड़ दिया गया है। इससे ऐतिहासिक मुगल रोड के क्षेत्र कुवरपुर, बिन्दकी, खजुआ, बकेवर, जहानाबाद, घाटमपुर, मूसानगर व भोगनीपुर आदि क्षेत्र अत्यधिक प्रभावित हो रहे है। इस क्षेत्र में खजुहा ऐतिहासिक धरोहर व पर्यटक स्थल का महत्व भी कम हो गया है। मुगल रोड के इस हिस्से को राष्ट्रीय राजमार्ग का स्वरूप प्रदान किया जाये। इससे फतेहपुर से आगरा व दिल्ली की दूरी कम होगी साथ ही पेट्रोल व डीजल कील बचत से राजस्व में बचत होगी। इस राजमार्ग के निर्माण से फतेहपुर-आगरा के लिए अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्ग भी उपलब्ध होगा। अतः मेरी सरकार से मांग है कि मुगल रोड के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुये इसे 4 लेन में बनाया जाए जिससे मेरे क्षेत्र फतेहपुर मे मलवा, बिन्दकी, खजुहा, जहांनाबाद का विकास होगा तथा ऐतिहासिक धरोहर खजुहा को पर्यटक स्थल के जुड़ने से इसका महत्व भी बढ़ेगा। इस राजमार्ग को अविलंब राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्रदान किया जाये।